"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/तक. 114-009/2003/20-1-03."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 223] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 1 सितम्बर 2006—भाद्र 10, शक 1928

गृह (पुलिस) विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 1 सितम्बर 2006

अधिसूचना

क्रमांक एफ 2-254/दो-गृह/रापुसे/2006.—भारत के संविधान के अनुच्छेद-309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, एतद्द्वारा, छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक (अराजपत्रित) सेवा में भर्ती के संबंध में निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम, विस्तार तथा प्रारंभ**—

(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक (अराजपत्रित) सेवा भर्ती नियम, 2006 होगा.

(2) इसका विस्तार सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में होगा.

(3) ये "राजपत्र" में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे.

2. **परिभाषायें**— इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो ; —

(क) सेवा के संबंध में "नियुक्ति प्राधिकारी" से अभिप्रेत है, अनुसूची-एक में "विनिर्दिष्ट प्राधिकारी";

(ख) "चयन समिति" से अभिप्रेत है, नियम-6 के उपनियम (1) के खण्ड (क) के अधीन सीधी भर्ती के प्रयोजन के लिये राज्य शासन द्वारा गठित चयन समिति ;

(ग) "विभागीय पदोन्नति समिति" से अभिप्रेत है, अनुसूची-चार के उपबंध के अनुसार नियम-15 के अधीन गठित समिति ;

(घ) "परीक्षा" से अभिप्रेत है, इन नियमों के नियम-11 के अधीन भर्ती के लिये ली जाने वाली प्रतियोगी परीक्षा ;

(ङ) "प्रथम चरण" से अभिप्रेत है, शारीरिक मापतौल तथा प्रारंभिक परीक्षा के पश्चात् मुख्य लिखित परीक्षा ;

(च) "अनुसूची" से अभिप्रेत है, इन नियमों से संलग्न अनुसूची ;

(छ) "अनुसूचित जाति" से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन छत्तीसगढ़ राज्य के संबंध में अनुसूचित जाति के रूप में विनिर्दिष्ट कोई जाति, मूलवंश या जनजाति या किसी जाति, मूलवंश या जनजाति का भाग या किसी जाति, मूलवंश या जाति के भीतर कोई समूह ;

(ज) "अनुसूचित जनजाति" से अभिप्रेत है, भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के अधीन छत्तीसगढ़ राज्य के संबंध में अनुसूचित जनजाति के रूप में विनिर्दिष्ट कोई जनजाति या जनजाति समुदाय या किसी जनजाति या जनजाति समुदाय का कोई भाग जनजाति या जनजाति समुदाय के भीतर कोई समूह ;

(झ) "अन्य पिछड़ा वर्ग" से अभिप्रेत है, राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना क्रमांक एफ-85-पच्चीस-4-84, तारीख 26 दिसम्बर 1984 में यथा विनिर्दिष्ट नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्ग ;

(ञ) "राज्य" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ राज्य ;

(ट) "सेवा" से अभिप्रेत है, छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक (अराजपत्रित) सेवा ;

(ठ) "द्वितीय चरण" से अभिप्रेत है, शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं साक्षात्कार.

3. **विस्तार तथा लागू होना**— छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961, में अन्तर्विष्ट उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ये नियम सेवा के प्रत्येक सदस्य पर लागू होंगे.

4. **सेवा का गठन**— सेवा में निम्नलिखित व्यक्ति होंगे, अर्थात् :—

(1) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारम्भ होने पर अनुसूची-एक में विनिर्दिष्ट पदों को मूलतः या स्थानापन्न हैसियत में धारण कर रहे हों ;

(2) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारम्भ होने के पूर्व सेवा में भर्ती किये गये हों ; और

(3) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के उपबंधों के अनुसार सेवा में भर्ती किये गये हों.

5. **वर्गीकरण, वेतनमान इत्यादि**— सेवा का वर्गीकरण तथा उससे संलग्न वेतनमान अनुसूची-एक में विनिर्दिष्ट किये गये अनुसार होंगे :

परन्तु सरकार, सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या में समय-समय पर या तो स्थाई आधार पर या अस्थाई आधार पर वृद्धि या कमी कर सकेगी.

6. **भर्ती की पद्धति**—

(1) इन नियमों के प्रारम्भ होने के पश्चात् सेवा में भर्ती निम्नलिखित पद्धति द्वारा की जायेगी, अर्थात् :—

(क) सीधी भर्ती द्वारा प्रतियोगी परीक्षा में चयन द्वारा ;

(ख) अनुसूची-चार के कालम दो में यथा विनिर्दिष्ट सेवा के ऐसे शासकीय सदस्यों की पदोन्नति द्वारा ;

(ग) ऐसे व्यक्तियों के स्थानांतरण द्वारा, जो ऐसी सेवाओं में ऐसे पद, जो कि इस निमित्त विनिर्दिष्ट हों मूल हैसियत में धारण करते हों.

(2) उप नियम (1) के खण्ड (ख) या खण्ड (ग) के अधीन भरती किये गये व्यक्तियों का संख्या, किसी भी समय अनुसूची-एक में विनिर्दिष्ट पदों की संख्या के अनुसूची-दो वर्णित प्रतिशत से अधिक नहीं होगी.

(3) इन नियमों के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए सेवा में किसी ऐसी रिक्ति या रिक्तियों को, जिन्हें भर्ती की किसी विशिष्ट कालावधि के दौरान भरा जाना अपेक्षित हो, भरने के प्रयोजन के लिये अपनाया जाने वाला तरीका या तरीके, तथा प्रत्येक तरीके द्वारा भर्ती किये जाने वाले व्यक्तियों की संख्या प्रत्येक अवसर पर नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अवधारित की जावेगी.

(4) उप नियम (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि नियुक्ति प्राधिकारी की राय में सेवा की अत्यावश्यकताओं को देखते हुए ऐसा करना अपेक्षित हो तो वह सामान्य प्रशासन विभाग की पूर्व सहमति से सेवा में भर्ती संबंधी उन पद्धतियों से भिन्न जो उक्त उप नियम में विनिर्दिष्ट है, ऐसी अन्य पद्धति अपना सकेगा, जो वह इस निमित्त जारी किये गये आदेश द्वारा विहित करें.

(5) भर्ती के लिये इच्छुक अभ्यर्थियों को, चयन प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिये प्रतियोगी परीक्षा हेतु सरकार द्वारा विहित किये गये प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत करके संबंधित जिला पुलिस अधीक्षक को प्रस्तुत करना चाहिये.

(6) (एक) अभ्यर्थी को भर्ती हेतु आवेदन पत्र के प्रारूप में विशिष्ट रूप से यह उल्लेख करना होगा कि वह किस पद हेतु इच्छुक है, केवल ऐसे अभ्यर्थियों के नाम पर जिन्होंने विशिष्ट रूप से उप निरीक्षक (रेडियो), (अंगुलचिन्ह), (प्रश्नाधीन दस्तावेज), (कम्प्यूटर) के पदों पर भर्ती के लिये अपनी सहमति अभिव्यक्त की है तथा जो अनुसूची-तीन में वर्णित अर्हताएं रखते हों पर विचार किया जावेगा.

(दो) महिला अभ्यर्थी केवल सूबेदार, उप निरीक्षक, उप निरीक्षक (विशेष शाखा), उप निरीक्षक (रेडियो)/(अंगुली चिन्ह)/(प्रश्नाधीन दस्तावेज)/(कम्प्यूटर) पदों के लिये भर्ती की पात्र होंगी. महिलाओं को प्लाटून कमांडर के लिये भर्ती की पात्रता नहीं होगी.

(7) अभ्यर्थी द्वारा अपने आवेदन पत्र के प्रारूप में गलत जानकारी देने या किसी तथ्यात्मक जानकारी को छिपाने पर उसे (अभ्यर्थी को) अनर्ह समझा जावेगा. ऐसा कृत्य करने पर अभ्यर्थी को सरकार के अधीन नियुक्ति (नियोजन) में या सेवा में निरन्तर बने रहने का अधिकार नहीं होगा तथा उसकी सेवा तत्काल, बिना कोई सूचना दिये नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा समाप्त कर दी जावेगी.

(8) उप-नियम (1) के खण्ड (क) के अधीन प्रतियोगी परीक्षा द्वारा चयन की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी, अर्थात् :-

(एक) **शारीरिक माप का मान**— अभ्यर्थी का शारीरिक परीक्षण नियम 8 के उपनियम (3) में यथा विनिर्दिष्ट न्यूनतम अर्हताओं के अनुसार संपादित किया जाएगा.

टिप्पणी - शारीरिक माप के संबंध में किसी विवाद की दशा में जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा.

(दो) **लिखित परीक्षा**—

(1) (क) आवेदकों को आवेदन फार्म शासन द्वारा निर्धारित राशि द्वारा विक्रय किया जाएगा. यदि परीक्षा कार्य का संचालन किसी अन्य संस्था/विभाग के द्वारा किया जाता है तो उस संस्था/विभाग द्वारा सभी जाति संवर्ग के उम्मीदवारों से शासन द्वारा निर्धारित दर पर आवेदन फार्म विक्रय किया जा सकेगा.

(ख) आवेदन फार्म जमा करते समय ही दस्तावेजों की जांच पूर्ण कर ली जावेगी तथा दस्तावेज सही पाये जाने पर आवेदक का शारीरिक नापजोख कंडिका 8 (3) के (क) से (घ) के अनुसार (आंखों की दृष्टि एवं आंखो से संबंधित अन्य जांच को छोड़कर) तत्काल ही किया जावेगा तथा

अग्रिम प्रक्रियों में सम्मिलित होने संबंधी अनुमति पत्र केवल नापजोख में सफल पाये गये उम्मीदवारों को ही दिया जावेगा.

(2) उपरोक्त में योग्य पाये जाने पर उनका कम्प्यूटराइज्ड आब्जेक्टिव टाईप की प्रारंभिक लिखित परीक्षा होगी, जो 300 अंकों की होगी तथा समय दो घंटे का होगा. इस परीक्षा में मुख्य रूप से सामान्य ज्ञान संबंधित प्रश्न रहेंगे. इस परीक्षा परिणाम के आधार पर एक मेरिट लिस्ट तैयार की जावेगी, जिसमें से केवल रिक्त पदों के 15 गुना उम्मीदवारों को ही मुख्य लिखित परीक्षा में शामिल होने हेतु प्रवेश पत्र जारी किया जावेगा. अन्तिम अभ्यर्थी जिस पर 15 गुना संख्या पूर्ण होती है तथा ऐसे अभ्यर्थियों को जिन्होंने इस अभ्यर्थी से अधिक अथवा बराबर अंक प्राप्त किये हैं, मुख्य परीक्षा में सम्मिलित किया जावेगा, भले ही अभ्यर्थियों की संख्या 15 गुना से अधिक हो जाती हो.

(3) **मुख्य लिखित परीक्षा :-**

(क) **हिन्दी तथा अंग्रेजी में दक्षता**— यह परीक्षा 300 अंकों की होगी तथा इसकी अवधि दो घंटे की होगी. यह परीक्षा सभी अभ्यर्थियों के लिये अनिवार्य होगी. हिंदी के 200 अंक तथा अंग्रेजी के 100 अंक होंगे.

(ख) **सामान्य ज्ञान एवं सामान्य अध्ययन**— यह परीक्षा 300 अंकों की होगी तथा इसकी अवधि तीन घंटे की होगी. यह परीक्षा सभी अभ्यर्थियों के लिये अनिवार्य होगी.

(ग) **विज्ञान (गणित, भौतिकी और रसायन) परीक्षा**— यह परीक्षा 300 अंकों की होगी तथा इसकी अवधि दो घंटे की होगी. यह परीक्षा केवल ऐसे अभ्यर्थियों के लिये अनिवार्य होगी, जो अनुसूची-तीन में यथा विनिर्दिष्ट उप निरीक्षक (रेडियो), (अंगुलचिन्ह), (प्रश्नाधीन दस्तावेज) के पदों पर भर्ती के लिये आवेदन किया गया हो.

(घ) **कम्प्यूटर विज्ञान की परीक्षा**— यह परीक्षा 300 अंकों की होगी तथा इसकी अवधि दो घंटे की होगी. यह परीक्षा केवल ऐसे अभ्यर्थियों के लिये अनिवार्य होगी, जो अनुसूची-तीन में यथा विनिर्दिष्ट उप निरीक्षक (कम्प्यूटर) के पद पर भर्ती के लिये आवेदन किया हो.

(तीन) **पृथक चयन सूचियां** — प्रथम चरण की लिखित परीक्षा में प्राप्तांकों को जोड़कर पृथक से सूबेदार, उप निरीक्षक, उप निरीक्षक विशेष शाखा, प्लाटून कमांडर की एक, उप निरीक्षक रेडियो, अंगुलचिन्ह, प्रश्नाधीन दस्तावेज की एक तथा उप निरी. (कम्प्यूटर) की एक कुल तीन पृथक-पृथक मेरिट लिस्ट तैयार की जावेगी. इन मेरिट लिस्टों में से विज्ञापित रिक्त पदों के पांच गुना संख्या में अभ्यर्थियों को द्वितीय चरण की परीक्षा के लिये बुलाया जावेगा. अंतिम अभ्यर्थी जिस पर पांच गुना संख्या पूर्ण होती है तथा वे सभी अभ्यर्थी जिन्होंने इस अभ्यर्थी से अधिक अथवा बराबर अंक प्राप्त किये हैं, को द्वितीय चरण की परीक्षा में सम्मिलित किया जावेगा, भले ही अभ्यर्थियों की संख्या पांच गुना से अधिक हो जाती हो.

(चार) **शारीरिक दक्षता परीक्षा**— शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान शारीरिक नापजोख कंडिका 8 (3) के बिन्दु (क) से (घ) अनुसार दोबारा किया जावेगा. इस विषय में कोई प्रश्न उत्पन्न होने की स्थिति में जिला चिकित्सा बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा. आंखों की दृष्टि एवं आंखों से संबंधित अन्य जांच चयन समिति द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार किया जावेगा.

शारीरिक दक्षता परीक्षा (टेस्ट) सभी अभ्यर्थियों के लिये अनिवार्य है, जो कुल 300 अंकों का होगा और इसमें निम्नलिखित प्रतिस्पर्धायें सम्मिलित होंगी :-

(क)	लम्बी कूद	60 अंक
(ख)	ऊंची कूद	60 अंक
(ग)	गोला फेंक	60 अंक
(घ)	100 मीटर दौड़	60 अंक
(ङ)	1500 मीटर दौड़	60 अंक

प्रत्येक परिणाम के लिये दिये जाने वाले अंको का विस्तृत विवरण अनुसूची-पांच में विनिर्दिष्ट किये गये हैं. परन्तु उप निरीक्षक (कम्प्यूटर) के पद हेतु उपरोक्त स्पर्धाएं केवल क्वालीफाईंग होंगी एवं इनके लिए कोई अंक नहीं दिये जावेंगे.

केवल उन्हीं अभ्यर्थियों का साक्षात्कार होगा, जो शारीरिक दक्षता परीक्षा में कम से कम कुल 30 प्रतिशत अंक अर्जित किये हों, अर्थात् इस शारीरिक दक्षता परीक्षा में 30 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को इसी स्तर पर अनुत्तीर्ण घोषित कर दिया जावेगा और उनका साक्षात्कार नहीं लिया जावेगा.

(पांच) **साक्षात्कार**— साक्षात्कार 100 अंकों का होगा.

(छ:) **बोनस अंक**— अभ्यर्थियों को नीचे उल्लेखित शीर्ष की विशेष योग्यता हेतु प्रत्येक शीर्ष में 10 अंक निर्धारित है, किन्तु विशेष योग्यता के बोनस अंक कुल मिलाकर 20 से अधिक नहीं होंगे. अर्थात् दो से अधिक विशेष योग्यता होने पर भी बोनस अंक 20 ही होंगे. यह बोनस अंक साक्षात्कार हेतु निर्धारित अंकों के अतिरिक्त होंगे.

(क)	एन. सी. सी. "सी" प्रमाण-पत्र	-	सभी पदों के लिये
(ख)	एल. एल. बी. उपाधि, फोरेंसिक विज्ञान/अप. विज्ञान में पत्रोपाधि/उपाधि.	-	उप निरी. के पदों के लिये
(ग)	फोरेंसिक विज्ञान उपाधि/पत्रोपाधि	-	उप निरी. (अंगुलीचिन्ह/प्रश्नाधीन दस्तावेज)
(घ)	शारीरिक शिक्षा पत्रोपाधि/उपाधि	-	सूबेदार तथा प्लाटून कमांडर पद हेतु
(ङ)	इलेक्ट्रानिक्स/इलेक्ट्रिकल्स/दूरसंचार में इंजीनियरिंग उपाधि.	-	उप निरीक्षक (रेडियो) हेतु
(च)	(1) कम्प्यूटर विज्ञान में इंजीनियरिंग उपाधि शासकीय मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एम. सी. ए. या समतुल्य उपाधि.	-	उप निरीक्षक (कम्प्यूटर) हेतु
	(2) शासकीय मान्यता प्राप्त विश्व-विद्यालय से एल. एल. बी. की उपाधि.		

7. **सेवा में नियुक्ति**— इन नियमों के प्रयुक्त होने के पश्चात् सेवा में समस्त नियुक्तियां नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा की जावेंगी और ऐसी कोई भी नियुक्ति, नियम-6 में विनिर्दिष्ट भर्ती की पद्धतियों में से किसी एक पद्धति द्वारा चयन करने के पश्चात् ही की जावेगी अन्यथा नहीं.

8. **सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थियों की पात्रता की शर्तें**— सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थियों की पात्रता के लिये निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी होगी-अर्थात्-

(1) आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है.

(2) आयु-

(क) परीक्षा प्रारंभ होने के तारीख के बाद की आगामी जनवरी के प्रथम दिन को उसने अनुसूची-तीन के कालम-4 में यथा विनिर्दिष्ट आयु पूरी कर ली हो, और उक्त अनुसूची के कालम-5 में विनिर्दिष्ट आयु पूरी न की हो.

(ख) यदि अभ्यर्थी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़े वर्ग का हो तो आयु की अधिकतम सीमा अधिक से अधिक पांच वर्ष तक शिथिल की जावेगी.

(ग) उन अभ्यर्थियों की भी जो छत्तीसगढ़ शासन के कर्मचारी हों, अथवा रह चुके हों, किन्तु उन्हें शासकीय सेवा के अयोग्य न ठहराया गया हो, अधिकतम आयुसीमा उस सीमा तक तथा निम्नलिखित शर्तों के अधीन रहते हुए शिथिल की जा सकेगी :-

(एक) कोई अभ्यर्थी जो स्थाई शासकीय सेवक हो, 36 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिये ;

(दो) कोई अभ्यर्थी जो अस्थाई पद धारण कर रहा है तथा किसी अन्य पद के लिये आवेदन कर रहा है, 36 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिये. यह रियायत आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारी, कार्य-भारित कर्मचारी तथा परियोजना कार्यान्वयन समिति के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारी को भी अनुज्ञेय होगी ;

(तीन) कोई अभ्यर्थी जो छटनी किया गया शासकीय सेवक हो उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गई सम्पूर्ण अस्थाई सेवा की अधिक से अधिक 07 वर्ष तक की कालावधि भले ही वह एक से अधिक बार में की गई सेवाओं के कारण हो, कम करने की अनुज्ञा दी जावेगी बशर्ते कि इसके परिणामस्वरूप जो आयु हो वह अधिकतम आयुसीमा से तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी.

स्पष्टीकरण :- शब्द "छटनी" किये गये सरकारी कर्मचारी से द्योतक है- ऐसा व्यक्ति जो इस राज्य अथवा किन्हीं भी संगठन इकाई की अस्थाई सरकारी सेवा में निरंतर कम से कम 6 माह तक रहा हो तथा जो रोजगार कार्यालय में अपना रजिस्ट्रीकरण कराने अथवा सरकारी सेवा में नियुक्ति हेतु अन्यथा आवेदन देने के तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व कर्मचारियों की संख्या में कमी किये जाने के कारण सेवामुक्त किया गया हो.

(घ) ऐसे अभ्यर्थी को जो भूतपूर्व सैनिक हो उसे अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गई संपूर्ण प्रतिरक्षा सेवा की कालावधि कम करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, परन्तु इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले, वह उच्चतम आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो

स्पष्टीकरण :- पद "भूतपूर्व सैनिक" से द्योतक है ऐसा व्यक्ति से है जो निम्नलिखित प्रवर्गों में से किसी एक प्रवर्ग का हो तथा जो भारत सरकार के अधीन कम से कम छः मास की कालावधि तक निरंतर नियोजित रहा हो और किसी भी रोजगार कार्यालय में अपना नाम रजिस्ट्रीकृत कराने की अथवा सरकारी सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन-पत्र देने की तारीख से, अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व, मितव्ययिता इकाई की सिफारिशों के फलस्वरूप, या स्थापना में सामान्य रूप से कमी किये जाने के कारण छटनी की गई है या जो अधिशिष्ट घोषित किया गया हो :-

(1) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें सेवानिवृत्ति रियायतों (मास्टरिंग आउट कन्सेशन) के अधीन निर्मुक्त कर दिया गया है.

(2) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जो दूसरी बार भरती किये गये हों, और जिन्हें-

(क) अल्पकालीन वचनबंध पूर्ण हो जाने पर,

(ख) भर्ती संबंधी शर्तों के पूर्ण हो जाने पर, सेवोन्मुक्त कर दिया गया हो.

(3) मद्रास सिविल यूनिट के भूतपूर्व कर्मचारी.

(4) ऐसे अधिकारी (सैनिक तथा असैनिक) (जिनमें अल्पावधि सेवा के नियमित कमीशन प्राप्त अधिकारी सम्मिलित है) जो उनकी संविदा के पूर्ण होने पर सेवान्मुक्त किए गए हो.

(5) ऐसे अधिकारी जिन्हें अवकाश रिक्तियों पर छः मास से अधिक समय तक निरंतर कार्य करने के पश्चात् सेवोन्मुक्त किया गया हो.

(6) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें अशक्त होने के कारण सेवा से अलग किया गया हो.

(7) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें इस आधार पर सेवोन्मुक्त किया गया हो कि वे दक्ष सैनिक बनने योग्य नहीं हैं.

(8) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें गोली लग जाने, घाव आदि हो जाने के कारण चिकित्सकीय आधार पर सेवा से अलग कर दिया गया हो.

(ङ) विधवा, परित्यक्ता एवं तलाकशुदा महिला अभ्यर्थियों के लिये सामान्य अधिकतम आयुसीमा 35 वर्ष तक शिथिल की जावेगी.

(च) परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रीनकार्डधारक अभ्यर्थियों के लिये भी अधिकतम आयुसीमा 2 वर्ष तक शिथिल की जावेगी.

(छ) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन कार्यक्रम के अधीन पुरस्कृत दम्पत्तियों के सवर्ण साथी के संबंध में सामान्य अधिकतम आयुसीमा पांच वर्ष तक शिथिल की जावेगी.

(ज) "विक्रम पुरस्कार" प्राप्त खिलाड़ी अभ्यर्थियों के संबंध में भी अधिकतम आयुसीमा पांच वर्ष तक शिथिल की जावेगी.

(झ) इन अभ्यर्थियों के संबंध में, जो छत्तीसगढ़ राज्य निगम/मंडल के कर्मचारी हो, अधिकतम आयुसीमा को 36 वर्ष तक शिथिल किया जावेगा.

(ञ) स्वयसेवी नगर सैनिकों तथा नगर सेना के नान कमीशंड अधिकारियों के मामले में अधिकतम आयुसीमा उनके द्वारा इस प्रकार की गई सेवा की कालावधि तक 8 वर्ष की सीमा के अध्यधीन रहते हुए शिथिल की जावेगी, किन्तु किसी भी मामले में उनकी आयु 36 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिये.

टिप्पणी- (1) उपर्युक्त खण्ड (ग) के उपखण्ड (1) तथा (2) में उल्लेखित आयु संबंधी रियायतों के अंतर्गत जिन अभ्यर्थियों को चयन के लिये सम्मिलित किया गया है, वे यदि आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् या चयन के पहले अथवा बाद में सेवा से त्याग पत्र दे दें तो वे नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे तथापि, यदि आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् इनकी सेवा या पद से छटनी की जावे तो वे नियुक्ति के पात्र बने रहेंगे.

टिप्पणी- (2) किसी भी अन्य मामले में आयुसीमा शिथिल नहीं की जावेगी. विभागीय अभ्यर्थियों को चयन में उपसंजात होने के लिये नियुक्ति प्राधिकारी से पूर्व अनुमति अवश्य ही प्राप्त करनी होगी.

(3) **शारीरिक अर्हता**— अभ्यर्थी के पास निम्नलिखित शारीरिक अर्हतायें अवश्य ही होनी चाहिये :-

(क) **ऊंचाई** - 168 सेंमी या उससे अधिक (पुरुष अभ्यर्थियों के लिये)
153 सेंमी या उससे अधिक (केवल महिलाओं के लिये)

(ख) **सीना** - बिना फुलाये 81 सेंमी तथा फुलाने पर 86 सेंमी.
(अभ्यर्थी का सीना फुलाने एवं बिना फुलाने में कम से कम 5 सेंमी का अंतर होना आवश्यक है, इस विषय पर किसी प्रकार की छूट नहीं दी जावेगी) (महिला उम्मीदवार इस शारीरिक अर्हता से मुक्त होंगी)

(ग) अभ्यर्थी को शारीरिक रूप से अपंग नहीं होना चाहिये.

(घ) अभ्यर्थी में नाकनी, फ्लेट फुट नहीं होना चाहिए. नॉकनी एवं फ्लेट फुट संबंधी अर्हतायें समस्त पदों के लिए अनिवार्य होगी. साथ ही सभी उम्मीदवारों को चिकित्सकीय दृष्टि से योग्य होना चाहिये. अभ्यर्थी को आंखों से संबंधित कोई रोग नहीं होना चाहिये. आंखों की दृष्टि बिना चश्में के एक आंख की 6/6 तथा दूसरी आंख की बिना चश्में के 6/9 से कम नहीं होना चाहिये. मुख्य रंगों का भेद करने में अभ्यर्थी को सक्षम होना चाहिये

(4) **शैक्षणिक अर्हताएं**— अभ्यर्थी के पास अनुसूची-तीन में दर्शाये गये सेवा के लिये विहित शैक्षणिक अर्हतायें होनी चाहिये, परन्तु :-

(क) अपवादिक मामलों में समिति, नियुक्ति प्राधिकारी की सिफारिश पर किसी ऐसे अभ्यर्थी को अर्ह मान सकेगी, जिसके पास यद्यपि इस खण्ड में निहित अर्हताओं में से कोई अर्हता नहीं हो किन्तु जिसने अन्य संस्थाओं द्वारा संचालित परीक्षा ऐसे स्तर से उत्तीर्ण की हो जो समिति की राय में अभ्यर्थी को परीक्षा/चयन के विचारण के लिये पात्र बनाती हो, और

(ख) समिति अपने विवेकानुसार ऐसे अभ्यर्थियों को भी परीक्षा/चयन में सम्मिलित कर सकेगी, जो अन्यथा अर्ह हो किन्तु जिन्होने ऐसे विदेशी विश्वविद्यालयों से उपाधियां प्राप्त की हो, जो शासन द्वारा विनिर्दिष्ट रूप से मान्यता प्राप्त न हो.

9. **निरर्हता**— अभ्यर्थी की ओर से अपने चयन के लिये सहायता प्राप्त करने हेतु किसी भी ज़रिये से किया गया कोई भी प्रयास चयन समिति द्वारा परीक्षा/चयन में सम्मिलित करने के लिये उसे अयोग्य बनाने वाला माना जावेगा.

10. **अभ्यर्थियों की पात्रता के संबंध में समिति का निर्णय अंतिम होगा**— परीक्षा/साक्षात्कार में प्रवेश के संबंध में किसी अभ्यर्थी की पात्रता या अपात्रता के संबंध में समिति का निर्णय अंतिम होगा परीक्षा/साक्षात्कार में प्रवेश के संबंध में किसी भी अभ्यर्थी को जिसे समिति द्वारा प्रवेश प्रमाणपत्र जारी नहीं किया गया है, परीक्षा/साक्षात्कार में प्रवेश की पात्रता नहीं होगी.

11. **प्रतियोगी परीक्षा द्वारा सीधी भर्ती**—

(1) सेवा में भर्ती के लिये प्रतियोगी परीक्षा ऐसे अंतरालों में होगी, जैसा कि नियुक्ति प्राधिकारी समय-समय पर अवधारित करें

(2) चयन द्वारा

(एक) अनुसूची-दो में दर्शाई गई सेवा में सम्मिलित पदों की भर्ती के लिये अभ्यर्थियों का चयन ऐसे अंतरालों से किया जावेगा जैसा कि नियुक्ति प्राधिकारी समय-समय पर अवधारित करें.

(दो) सेवा में सम्मिलित पदों के लिये अभ्यर्थियों का चयन, चयन समिति द्वारा साक्षात्कार लेकर किया जावेगा.

(3) सीधी भर्ती के लिये उपलब्ध रिक्तियों में से उन अभ्यर्थियों के लिये पद आरक्षित रखे जावेंगे, जो छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम-1994 (क्र. 21 सन् 1994) के प्रावधानों और राज्य शासन द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों या अनुदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के सदस्य हैं.

(4) इस प्रकार आरक्षित रिक्तियों को भरते समय, उन अभ्यर्थियों की, जो कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के सदस्य हैं, नियुक्ति पर विचार उसी क्रम से किया जावेगा, जिस क्रम से उनके नाम नियम-12 में विनिर्दिष्ट सूची में आये हों, चाहे अन्य अभ्यर्थियों की सूची में उनका सापेक्षित स्थान कुछ भी क्यों न हो.

(5) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के उन अभ्यर्थियों को, जिन्हें प्रशासन में दक्षता बनाये रखने का सम्यक् ध्यान रखते हुए नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा योग्य घोषित किया गया हो, यथास्थिति अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिये उपनियम (3) के अधीन आरक्षित रिक्तियों पर नियुक्त किया जा सकेगा.

(6) कुल रिक्त पदों की संख्या के 5 प्रतिशत पद विभागीय अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित रखे जाएंगे. यह समस्तर आरक्षण है और योग्य उम्मीदवार उपलब्ध न होने पर कैरी फारवर्ड नहीं होंगे.

(7) शासन निर्देशानुसार महिलाओं के लिये 30% समस्तर एवं प्रभागवार आरक्षण रहेगा परन्तु विभाग [illegible] परिषद् के पूर्व अनुमोदन से नियुक्ति हेतु प्रतिशत को 10% तक कम कर सकेगा.

12. **समिति द्वारा सिफारिश किये गये अभ्यर्थियों की सूची —**

(1) समिति. अपने द्वारा निश्चित किये गये स्तर के अनुसार योग्य उम्मीदवारों की योग्यता क्रम से बनाई गई सूची तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग के उन अभ्यर्थियों की सूची जो उक्त मानक के अनुसार अर्ह नहीं हैं किन्तु फिर भी प्रशासन की दक्षता बनाये रखने का सम्यक् ध्यान रखते हुए समिति द्वारा सेवा में नियुक्ति के लिये उपयुक्त घोषित किये गये हों, नियुक्ति प्राधिकारी को भेजेगा, सर्वसाधारण की जानकारी के लिये सूची को प्रकाशित भी किया जावेगा.

(2) इन नियमों तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम-1961 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए उपलब्ध रिक्तियों पर अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिये सूची में से उसी क्रम में विचार किया जावेगा, जिसमें कि उनके नाम सूची में आये हैं वास्तविक रिक्त पदों के अतिरिक्त आरक्षण नियमों का पूर्णत: पालन करते हुए 25 प्रतिशत पदों की प्रतीक्षा सूची भी बनाई जावेगी.

(3) सूची में किसी अभ्यर्थी का नाम सम्मिलित किये जाने से ही उसे नियुक्ति का कोई अधिकार तब तक प्राप्त नहीं हो जाता, जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी का ऐसी जांच करने के पश्चात् जैसी कि वह आवश्यक समझे, यह समाधान न हो जावे कि अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति के लिये सभी प्रकार से उपयुक्त है.

13. **चयन सूची से सेवा में नियुक्ति —**

(1) सीधी भर्ती के लिये अंतिम गुणागुण सूची (मेरिट लिस्ट) मुख्य लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षण तथा साक्षात्कार तथा बोनस अंक में अभिप्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जावेगी. नियुक्तियां पदों की उपलब्धता के अधीन रहते हुए गुणागुण सूची से की जाएगी, परन्तु यह कि, केवल उन्हीं अभ्यर्थियों की नियुक्ति के संबंध में विचार किया जावेगा, जिन्होंने शारीरिक दक्षता परीक्षा में कम से कम कुल 30 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों. उप निरीक्षक-कम्प्यूटर के लिये नियम-6 (8) (चार) के अनुसार मेरिट लिस्ट, शारीरिक दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों द्वारा अन्य समस्त परीक्षाओं (मुख्य लिखित परीक्षा, साक्षात्कार एवं बोनस अंक सहित) में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जावेगी.

(2) एक समान कुल अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की परस्पर वरिष्ठता उनकी जन्म तिथि के आधार पर निश्चित की जावेगी. अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को वरिष्ठ माना जावेगा.

(3) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा चयन सूची जारी किये जाने के दिनांक से एक वर्ष की कालावधि तक विधिमान्य होगी.

14. **परिवीक्षा अवधि तथा प्रशिक्षण —**

(1) प्रत्येक चयनित अभ्यर्थी के संबंध में उसका चरित्र सत्यापन किया जाएगा. चरित्र सत्यापन रिपोर्ट अनुकूल पाए जाने पर सफल अभ्यर्थी जिनका नाम चयन सूची (मेरिट लिस्ट) में आया है, को दो वर्ष की परिवीक्षा पर नियुक्ति किया जाएगा.

यदि कोई अभ्यर्थी जिसे परिवीक्षा पर नियुक्ति प्रस्ताव भेजा गया हो, दिए गए दिनांक तथा निर्दिष्ट स्थान पर प्रशिक्षण के लिये उपस्थित नहीं होता है, तो पुलिस महानिदेशक के आदेश द्वारा ऐसे अभ्यर्थी का नाम चयन-सूची से हटाया जा सकेगा तथा सक्षम प्राधिकारी यह आदेश जारी कर सकेगा कि वह उस अभ्यर्थी के नियुक्ति प्रस्ताव जारी करें, जिसका नाम गुणागुण-सूची में ठीक नीचे दिया गया है तथा जिसे ऐसे प्रस्ताव के लिये अन्यथा उपयुक्त पाया गया है.

(2) प्रशिक्षण में प्रवेश लेने पर प्रत्येक अभ्यर्थी को राज्य शासन द्वारा निर्धारित वर्दी की अनुमानित लागत और सुरक्षा निधि (काशन-मनी) जमा करना होगा. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को केवल सुरक्षा निधि (काशन-मनी) जमा करना होगा.

(3) निर्धारित प्रशिक्षण, विनिर्दिष्ट प्रशिक्षण संस्थाओं तथा अन्य इकाईयों में नियुक्ति के पश्चात् दिया जावेगा. निर्धारित लिखित, मौखिक तथा प्रायोगिक परीक्षा में असफल रहने तथा समय-समय पर निर्धारित मानदण्डों द्वारा प्रशिक्षण उद्देश्यों को पूरा न कर पाने की स्थिति में परिवीक्षा कालावधि बढ़ाई जा सकेगी या उसे सेवा से मुक्त भी किया जा सकेगा.

15. **पदोन्नति द्वारा नियुक्ति बाबत्—**

(1) पात्र अभ्यर्थियों का पदोन्नति हेतु प्रारंभिक चयन करने के लिये एक समिति गठित की जावेगी, जिसमें अनुसूची-चार में वर्णित सदस्य होंगे. तथापि, यदि पदोन्नति समिति में अध्यक्षता करने वाले अधिकारी को छोड़कर नाम निर्देशित किये गये अन्य सदस्यों में यदि कोई सदस्य अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग का प्रतिनिधित्व नहीं करता है, तो समतुल्य रेंक के एक और अधिकारी को विभागीय पदोन्नति समिति में सम्मिलित किया जावेगा और विभागीय पदोन्नति समिति की सदस्य संख्या अपेक्षित सीमा तक बढ़ाई गई समझी जावेगी.

(2) समिति की बैठक सामान्यत: कम से कम एक वर्ष में एक बार होगी.

(3) ऐसे पदों में, जिसमें अनुसूची-दो में यथा विनिर्दिष्ट पदोन्नति की प्रतिशतता 25% या उससे अधिक हो, पदोन्नति के लिये उपलब्ध रिक्त स्थानों के 16% तथा 23% रिक्त स्थान अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के उन अभ्यर्थियों के लिये आरक्षित रखे जावेंगे, जो नियम-16 के उपबंधों के अनुसार पदोन्नति के लिये पात्र हैं.

(4) आरक्षित रिक्तियों में, पदोन्नतियां करने के लिये प्रक्रिया सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये अनुदेशों के अनुसार होगी.

16. **पदोन्नति के लिये पात्रता की शर्तें—**

(1) उपनियम (2) के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए समिति, उन सभी व्यक्तियों के मामले पर विचार करेगी, जिन्होंने उस वर्ष की एक जनवरी को, उन पदों पर, जिनसे कि पदोन्नति की जानी है, उतनें वर्षों की सेवा चाहे (स्थानापन्न या मूल रूप से) पूर्ण कर ली हो, जितनी कि अनुसची-चार के कालम-4 में विनिर्दिष्ट है और जो उपनियम-2 के उपबंधों के अनुसार विचारार्थ क्षेत्र में आते हों.

(2) उन मामलों में जहां पदोन्नति उपयुक्तता के अध्यधीन रहते हुए "ज्येष्ठता सह योग्यता" के आधार पर अथवा जिनमें अनुपयुक्त व्यक्तियों को छोड़ कर ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति की जानी हो वहां कोई भी विचारण क्षेत्र नहीं होगा, प्रत्येक संवर्ग के केवल उतनी ही संख्या में शासकीय कर्मचारियों के प्रकरणों पर विचार किया जावेगा जो आगामी एक वर्ष में होने वाली रिक्तियों को भरने के लिये पर्याप्त हो.

17. **उपयुक्त अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना—**

(1) विभागीय पदोन्नति समिति ऐसे व्यक्तियों की एक सूची तैयार करेगी जो ऊपर उल्लेखित नियम-16 में निर्धारित शर्तों को पूरा करते हों तथा जिन्हें समिति ने सेवा में पदोन्नति के लिये उपयुक्त ठहराया हो. यह सूची, चयन सूची तैयार करने की तारीख से एक वर्ष के दौरान सेवानिवृत्ति तथा पदोन्नति के कारण होने वाली प्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिये पर्याप्त होगी. पूर्वोक्त कालावधि के दौरान होने वाली अनवेक्षित रिक्तियों को भरने के लिये उक्त सूची में सम्मिलित व्यक्तियों की संख्या के 25% व्यक्तियों की एक आरक्षित सूची भी तैयार की जावेगी.

(2) ऐसी सूची में सम्मिलित करने के लिये चयन, वरिष्ठता के आधार पर होगा जिसमें गुणागुण तथा सभी दृष्टि से उपयुक्तता पर सम्यक् ध्यान रखा जावेगा.

(3) ऐसी चयन सूची तैयार करते समय, सूची में सम्मिलित किये गये कर्मचारियों के नाम, उनकी सेवा अथवा पद जैसा कि अनुसूची-चार के कालम-दो में वर्णित है, उसके वरिष्ठता क्रमानुसार व्यवस्थित किये जावेंगे.

स्पष्टीकरण- ऐसे व्यक्ति का, जिसका नाम चयन सूची में सम्मिलित किया गया हो, किन्तु जो सूची की विधिमान्यता अवधि के दौरान पदोन्नत न किया जा सका हो, केवल उसके पूर्वोत्तर चयन के तथ्य से ही उन व्यक्तियों के ऊपर, जिन पर पश्चात्वर्ती चयन में विचार किया गया है, ज्येष्ठता का कोई दावा नहीं होगा.

(4) इस प्रकार तैयार की गई सूची का प्रतिवर्ष पुनर्विलोकन तथा पुनरीक्षण की जावेगी.

(5) यदि चयन, पुनर्विलोकन अथवा पुनरीक्षण की प्रक्रिया में, सेवा के किसी सदस्य को अधिक्रमित किया जाना प्रस्तावित किया जावे तो समिति प्रस्तावित अधिक्रमण के लिये इसका कारण अभिलिखित करेगी.

18. **चयन सूची**—

(1) नियुक्ति प्राधिकारी, समिति से प्राप्त अन्य दस्तावेजों के साथ, समिति द्वारा तैयार की गई सूची पर विचार करेगा और, जब तक वह कोई परिवर्तन करना आवश्यक न समझे, सूची को अनुमोदित करेगा.

(2) यदि नियुक्ति प्राधिकारी समिति से प्राप्त सूची में कोई परिवर्तन करना आवश्यक समझे तो वह (नियुक्ति प्राधिकारी) प्रस्तावित परिवर्तनों को समिति को सूचित करेगा तथा समिति की टिप्पणियों (समीक्षा यदि कोई हो), पर विचार करने के पश्चात् सूची को अंतिम रूप से ऐसे उपांतरणों यदि कोई हो के साथ अनुमोदित करेगा, जो उसकी राय में न्यायपूर्ण तथा उचित हो.

(3) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अंतिम रूप से अनुमोदित सूची उक्त अनुसूची के कालम (3) में वर्णित पदों पर अनुसूची-चार के कालम (2) में वर्णित पदों में सेवा के सदस्यों की पदोन्नति के लिये चयन सूची होगी.

(4) चयन सूची सामान्यत: एक वर्ष के लिये या तब तक प्रवृत्त रहेगी, जब तक कि नियम-17 के उपनियम (4) के अनुसार उसका पुनर्विलोकन या पुनरीक्षण नहीं कर लिया जाता किन्तु उसकी विधिमान्यता उसके तैयार किये जाने की तारीख से 18 मास की कुल कालावधि के परे नहीं बढ़ाई जावेगी :

परन्तु चयन सूची में सम्मिलित किसी व्यक्ति की ओर से आचरण या कर्त्तव्य के पालन में गंभीर चूक होने की दशा में नियुक्ति प्राधिकारी के अनुरोध पर चयन सूची का विशेष रूप से पुनर्विलोकन किया जा सकेगा और विभागीय पदोन्नति समिति, यदि वह उचित समझे, ऐसे व्यक्ति का नाम चयन सूची से हटा सकेगी.

19. **चयन सूची से सेवा में नियुक्ति**—

(1) चयन सूची में सम्मिलित कर्मचारियों की सेवा के संवर्ग के पदों पर नियुक्तियां उसी क्रम से की जावेगी जिस क्रम में ऐसे कर्मचारियों के नाम चयन सूची में आये हों :

परन्तु जहां प्रशासनिक अत्यावश्यकता के कारण ऐसा करना अपेक्षित हो, वहां किसी ऐसे व्यक्ति को जिसका नाम चयन सूची में न हो, सेवा में नियुक्त किया जा सकेगा, यदि सरकार को यह समाधान हो जावे कि रिक्त स्थान तीन मास से अधिक के लिये संभाव्य नहीं है.

(2) साधारणत: उस व्यक्ति की, जिसका नाम सेवा की चयन सूची में सम्मिलित है, सेवा में नियुक्ति के पूर्व विभागीय पदोन्नति समिति से परामर्श करना तब तक आवश्यक नहीं होगा, जब तक कि चयन सूची में उसका नाम सम्मिलित किये जाने तथा प्रस्तावित नियुक्ति की तारीख के बीच की कालावधि के दौरान उसके कार्य में कोई गिरावट आ गई है, जो नियुक्ति प्राधिकारी की राय में ऐसी है, जो उसे सेवा में नियुक्ति के लिये अनुपयुक्त बनाती हो.

20. **निर्वचन**— यदि इन नियमों के निर्वचन के संबंध में कोई प्रश्न उद्भूत होता है तो उसे शासन को निर्दिष्ट किया जावेगा, जिस पर उसका विनिश्चय अंतिम होगा.

21. **शिथिलीकरण**— इस नियमों की किसी भी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जावेगा कि वह किसी ऐसे व्यक्ति के संबंध में, जिसको ये नियम लागू होते हैं, ऐसी रीति से जो उसे उचित तथा साम्यपूर्ण प्रतीत हो, कार्यवाही करने की राज्यपाल की शक्ति को सीमित या कम करती है :

परन्तु मामले में ऐसी रीति से कार्यवाही नहीं की जावेगी जो कि इन नियमों में उपबंधित रीति की अपेक्षा उसके लिये कम अनुकूल हो.

22. **निरसन तथा व्यावृत्ति**— इन नियमों के तत्स्थानी और इनके प्रारम्भ होने के ठीक पहले लागू सभी नियम इन नियमों के अंतर्गत आने वाले विषयों के संबंध में एतद्द्वारा निरसित किये जाते हैं.

परन्तु इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन किया गया कोई भी आदेश या की गई किसी कार्रवाई के संबंध में यह समझा जावेगा कि वह इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन दिया गया आदेश या की गई कार्रवाई है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. के. एस. रे, अपर मुख्य सचिव.

अनुसूची-एक
(नियम-5 देखिये)

सेवा में वर्गीकरण वेतनमान, वेतनमान और सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या

अनु क्र.	सेवा में सम्मिलित पदों के नाम	पदों का वर्गीकरण	वेतनमान	नियुक्ति प्राधिकारी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	निरीक्षक/रक्षित निरीक्षक	राज्य पुलिस सेवा तृतीय श्रेणी	5500-175-9000	पुलिस महानिरीक्षक
2.	कंपनी कमांडर	राज्य पुलिस सेवा तृतीय श्रेणी	5500-175-9000	पुलिस महानिरीक्षक
3.	सूबेदार	राज्य पुलिस सेवा तृतीय श्रेणी	5000-150-8000	पुलिस महानिरीक्षक
4.	उप निरीक्षक (पुरुष एवं महिला)	राज्य पुलिस सेवा तृतीय श्रेणी	4500-125-7000	उप-पुलिस महानिरीक्षक
5.	उप निरीक्षक (रेडियो)	राज्य पुलिस सेवा तृतीय श्रेणी	4500-125-7000	उप-पुलिस महानिरीक्षक
6.	उप निरीक्षक (अंगुलि चिन्ह)	राज्य पुलिस सेवा तृतीय श्रेणी	4500-125-7000	उप-पुलिस महानिरीक्षक
7.	उप निरीक्षक (प्रश्नाधीन दस्तावेज)	राज्य पुलिस सेवा तृतीय श्रेणी	4500-125-7000	उप-पुलिस महानिरीक्षक
8.	प्लाटून कमांडर	राज्य पुलिस सेवा तृतीय श्रेणी	4500-125-7000	उप-पुलिस महानिरीक्षक
9.	सहायक उप निरीक्षक	राज्य पुलिस सेवा तृतीय श्रेणी	4000-100-6000	उप-पुलिस महानिरीक्षक
10.	उप निरीक्षक (कम्प्यूटर)	राज्य पुलिस सेवा तृतीय श्रेणी	4500-125-7000	उप-पुलिस महानिरीक्षक

अनुसूची-दो
(नियम-6 देखिये)

अनु क्र.	विभाग का नाम	सेवा में सम्मिलित पदों के नाम	कर्त्तव्य पदों की कुल संख्या	भरे जाने वाले पदों की संख्या का प्रतिशत सीधी भर्ती	सेवा में कार्यरत सदस्यों की पदोन्नति द्वारा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	गृह (पुलिस) विभाग	निरीक्षक/रक्षित निरीक्षक	-	-	100 प्रतिशत
2.	---,,---	कंपनी कमांडर	-	-	100 प्रतिशत
3.	---,,---	सूबेदार	-	100 प्रतिशत	-
4.	---,,---	उप निरीक्षक (पुरुष एवं महिला)	-	67 प्रतिशत	33 प्रतिशत
5.	---,,---	उप निरीक्षक (रेडियो)	-	50 प्रतिशत	50 प्रतिशत
6.	---,,---	उप निरीक्षक (अं. चिन्ह)	-	67 प्रतिशत	33 प्रतिशत
7.	---,,---	उप निरीक्षक (क्यूडी)	-	67 प्रतिशत	33 प्रतिशत
8.	---,,---	प्लाटून कमांडर	-	40 प्रतिशत	60 प्रतिशत
9.	---,,---	सहायक उप निरीक्षक	-	-	100 प्रतिशत

अनुसूची-तीन
(नियम-8 देखिये)

अनु क्र.	सेवा का नाम	अनु क्रमांक	पद का नाम	न्यूनतम आयुसीमा	अधिकतम आयुसीमा	विहित शैक्षणिक अर्हता	टिप्पणी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
1.	छत्तीसगढ़ पुलिस कार्यपालिक (अराजपत्रित) सेवा	1	सूबेदार	18	28	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि या समकक्ष.	
2.	---,,---	2	उप निरीक्षक (पुरुष एवं महिला).	18	28	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि या समकक्ष.	
3.	---,,---	3	उप निरीक्षक (विशेष शाखा)	18	28	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि या समकक्ष.	
4.	---,,---	4	उप निरीक्षक (रेडियो)	18	28	शासन द्वारा किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रानिक टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में तीन वर्ष का डिप्लोमा.	
5.	---,,---	5	उप निरीक्षक (अंगुलचिन्ह)	18	28	शासन द्वारा किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से गणित, भौतिक शास्त्र तथा रसायन शास्त्र के साथ स्नातक या उसके समतुल्य उपाधि.	
6.	---,,---	6	उप निरीक्षक (प्रश्नाधीन दस्तावेज)	18	28	---,,---	
7.	---,,---	7	प्लाटून कमांडर	18	28	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि या समकक्ष.	
8.	---,,---	8	उप निरीक्षक (कम्प्यूटर)	18	28	शासकीय या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बीसीए/बीएससी (कम्प्यूटर) या समतुल्य उपाधि.	

अनुसूची-चार

(नियम-15 देखिये)

अनु क्र.	विभाग का नाम	उस पद का नाम जिसमें पदोन्नति की जाना है	उस पद का नाम जिस पर पदोन्नति की जाना है	पदोन्नति हेतु न्यूनतम निर्धारित सेवाकाल	विभागीय पदोन्नति समिति का गठन
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	गृह (पुलिस) विभाग	उप निरीक्षक (पुरुष एवं महिला)	निरीक्षक	8 वर्ष सीधी भर्ती 6 वर्ष सीधी भर्ती - वे जिन्होने नक्सलवादी क्षेत्रों में 6 वर्ष लगातार सेवा कर लिया हो. 5 वर्ष विभागीय पदोन्नति 4 वर्ष विभागीय पदोन्नति - वे जिन्होने नक्सलवादी क्षेत्रों में 4 वर्ष लगातार सेवा कर लिया हो.	(पुलिस महानिदेशक द्वारा नामांकित) एक पु. म. नि. अध्यक्ष तथा दो उ. म. नि. स्तर के अधिकारी सदस्य.
2.	---,,---	सूबेदार	रक्षित निरीक्षक	तीन वर्ष	(पुलिस महानिदेशक द्वारा नामांकित) एक पु. म. नि. अध्यक्ष तथा दो उ. म. नि. स्तर के अधिकारी सदस्य.
3.	---,,---	प्लाटून कमांडर	कंपनी कमांडर	तीन वर्ष	(पुलिस महानिदेशक द्वारा नामांकित) एक पु. म. नि. अध्यक्ष तथा दो उ. म. नि. स्तर के अधिकारी सदस्य.
4.	---,,---	सहायक उप निरीक्षक	उप निरीक्षक	तीन वर्ष	(पुलिस महानिदेशक द्वारा नामांकित) तीन उ. म. नि. स्तर के अधिकारी - वरिष्ठ अधिकारी अध्यक्ष होंगे.
5.	---,,---	सहायक प्लाटून कमांडर.	प्लाटून कमांडर	तीन वर्ष	(पुलिस महानिदेशक द्वारा नामांकित) तीन उ. म. नि. स्तर के अधिकारी - वरिष्ठ अधिकारी अध्यक्ष होंगे.

अनुसूची-पांच

अनु क्र. (1)	मद (आयटम) पुरुष अभ्यर्थी (2)	अंक (3)	मद (आयटम) महिला अभ्यर्थी (4)	अंक (5)
1.	**लम्बी कूद (तीन प्रयास)**	**60**	**लम्बी कूद (तीन प्रयास)**	**60**
	12 फिट (3.66 मीटर) तक	00	08 फिट (2.44 मीटर) तक	00
	14 फिट (4.27 मीटर)	12	10 फिट (3.05 मीटर)	12
	16 फिट (4.88 मीटर)	24	12 फिट (3.66 मीटर)	24
	17 फिट (5.18 मीटर)	36	13 फिट (3.96 मीटर)	36
	18 फिट (5.49 मीटर)	48	14 फिट (4.27 मीटर)	48
	19 फिट (5.79 मीटर) या अधिक	60	15 फिट (4.57 मीटर) या अधिक	60
2.	**ऊंची कूद (तीन प्रयास)**	**60**	**ऊंची कूद (तीन प्रयास)**	**60**
	04 फिट (1.22 मीटर) तक	00	03 फिट (0.91 मीटर) तक	00
	04 फिट 02 इंच (1.27 मीटर)	12	03 फिट 02 इंच (0.97 मीटर)	12
	04 फिट 04 इंच (1.32 मीटर)	24	03 फिट 04 इंच (1.02 मीटर)	24
	04 फिट 06 इंच (1.37 मीटर)	36	03 फिट 06 इंच (1.07 मीटर)	36
	04 फिट 08 इंच (1.42 मीटर)	48	03 फिट 08 इंच (1.12 मीटर)	48
	04 फिट 10 इंच (1.47 मीटर) या अधिक	60	03 फिट 10 इंच (1.17 मीटर) या अधिक	60
3.	**गोला फेंक (तीन प्रयास)**	**60**	**गोल फेंक (तीन प्रयास)**	**60**
	वजन 16 पाउन्ड		**वजन 08 पाउन्ड**	
	04 मीटर तक	00	04 मीटर तक	00
	05 मीटर	12	05 मीटर	12
	06 मीटर	24	06 मीटर	24
	07 मीटर	36	07 मीटर	36
	08 मीटर	48	08 मीटर	48
	09 मीटर या अधिक	60	09 मीटर या अधिक	60
4.	**100 मीटर दौड़**	**60**	**100 मीटर दौड़**	**60**
	12.5 सेकेण्ड या कम	60	14.5 सेकेण्ड या कम	60
	13.5 सेकेण्ड	48	15.5 सेकेण्ड	48
	14.5 सेकेण्ड	36	16.5 सेकेण्ड	36
	15.5 सेकेण्ड	24	17.5 सेकेण्ड	24
	16.5 सेकेण्ड	12	18.5 सेकेण्ड	12
	20 सेकेण्ड या अधिक	00	22 सेकेण्ड या अधिक	00
5.	**दौड़ 1500 मीटर**	**60**	**दौड़ 1500 मीटर**	**60**
	5 मिनिट	60	6 मिनिट	60
	5 मिनिट 10 सेकेण्ड	48	6 मिनिट 10 सेकेण्ड	48
	5 मिनिट 20 सेकेण्ड	36	6 मिनिट 20 सेकेण्ड	36
	5 मिनिट 30 सेकेण्ड	24	6 मिनिट 30 सेकेण्ड	24
	5 मिनिट 40 सेकेण्ड	12	6 मिनिट 40 सेकेण्ड	12
	5 मिनिट 50 सेकेण्ड या इससे अधिक	00	6 मिनिट 50 सेकेण्ड या इससे अधिक	00

Raipur, the 1st September 2006

NOTIFICATION

F 2-254/Two (Home)/S.P.S./2006.—In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution of India, the Governor of Chhattisgarh hereby makes the following rules relating to the recruitment to the Chhattisgarh Police Executive (Non-Gazetted) Service, namely :—

1. **Short Title, Extent and Commencement—**

(1) These rules may be called the Chhattisgarh Police Executive (Non-Gazetted) Service Recruitment Rules. 2006.

(2) It extents the whole state of Chhattisgarh.

(3) It shall come in to force with effect from the date of its publication on the "Official Gazette".

2. **Definitions—**In these rules, unless the context otherwise requires :—

(a) "Appointing Authority" in respect of the service means the authority specified in Schedule-I;

(b) "Committee" means the Selection Committee constituted by the State Government for the purpose of direct recruitment under clause (a) of sub rule (1) of rule 6;

(c) "Departmental Promotion Committee" means the committee constituted under rule-15, as per the proviso of Schedule-4;

(d) "Examination" means a competitive examination for recruitment conducted under rule 11 of these rules;

(e) "First Stage" means physical measurement and preliminary examination followed by main written examination;

(f) "Schedule" means a schedule appended to these rules ;

(g) "Scheduled Castes" means any caste, race or tribe or part of or group within a caste, race or tribe specified as scheduled castes with respect to the State of Chhattisgarh under Article 341 of the Constitution of India;

(h) "Scheduled Tribes" means any tribe, tribal community or part of or group within a tribe or tribal community specified as Scheduled Tribes with respect to the State of Chhattisgarh under Article 342 of the Constitution of India;

(i) "Other Backward Classes" means the other backward class of citizen as specified by the State Government vide Notification No. F-85-XXV-4-84 dated the 26th December, 1984 as amended time to time;

(j) "State" means the State of Chhattisgarh;

